# भाजपा में शामिल हो सकते हैं कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत

**पीएम मोदी के सामने कर सकते हैं सदस्यता ग्रहण**

**कांग्रेस को मालवा में झटका देने की रणनीति तैयार**

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 16 सितंबर. प्रदेश भाजपा कांग्रेस को मालवा-निमाड़ क्षेत्र में बुधवार को बड़ा झटका दे सकती है. बदनावर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत भाजपा में शामिल हो सकते हैं.**

भाजपा ने इस संबंध में अंदरूनी रणनीति को अंजाम दे दिया है. तय रणनीति के हिसाब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई जाएगी.

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश भाजपा प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद पिछले दो दिनों से लगातार धार जिले के बदनावर में सक्रिय हैं. वैसे तो उनकी ये सक्रियता प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर दिख रही है. जहां ग्राम भैंसोला में होने वाले पीएम मित्र पार्क के शिलान्यास समारोह की तैयारियां चल रही थी. ग्राम भैंसोला बदनावर विधानसभा क्षेत्र के तहत ही आता है, जो कि मौजूदा कांग्रेस विधायक शेखावत का विधानसभा क्षेत्र है.



### शेखावत को साधने में पीएम मित्र पार्क की सौगात भी बड़ी सहायक

बताया जा रहा है कि शेखावत के विधानसभा क्षेत्र को मिल रही ये बड़ी सौगात उनको साधने में बड़ी सहायक बनी है. बताया जा रहा है कि इस मामले में प्रदेश के कद्दावर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी बड़ी भूमिका निभाई है. इसे लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी भरोसे में ले लिया गया है और रणनीति को बेहद गोपनीय रखा गया है.

### ➡पिछले विस चुनाव में भाजपा ने बगावत कर कांग्रेस में हो गए थे शामिल

शेखावत वैसे तो पहले भाजपा में ही थे, लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में उन्हें भाजपा ने बदनावर विधानसभा सीट से टिकट नहीं दिया था, टिकट नहीं मिलने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने भाजपा ने बगावत कर कांग्रेस का दामन थाम लिया था. कांग्रेस ने उन्हें हाथों-हाथ लिया और बदनावर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में टिकट भी दे दिया. कांग्रेस का ये दांव पूरी तरह कारगर रहा और उन्होंने भाजपा उम्मीदवार राजवर्धन सिंह दत्तीगांव को 2976 वोटों से हरा दिया था. ऐसे में ये उनकी एक बार फिर घर वापसी होगी.

### ➡मालवा के पुराने भाजपा नेताओं में होती रही है गिनती

शेखावत की गिनती मालवा में भाजपा के पुराने नेताओं में होती रही है. शेखावत वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में पहली बार विधायक बने थे. उन्हें सहकारिता का बड़ा नेता भी माना जाता है. वे मप्र अपेक्स बैंक के अध्यक्ष भी रहे हैं. लिहाजा अब उन्हें एक बार फिर भाजपा में घर वापसी के लिये रणनीति तैयार की गई है .बताया जा रहा है कि वे वर्तमान में कांग्रेस की कार्यशैली में स्वयं को एडजस्ट नहीं कर पा रहे हैं. भाजपा नेताओं के साथ उनकी गलबहियां विधानसभा के पिछले सत्र के दौरान भी देखी गई थी.

### ➡विधानसभा की सदस्यता से भी देंगे इस्तीफा

भाजपा में शामिल होने के बाद भंवर सिंह शेखावत विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे सकते हैं. बदनावर विधानसभा क्षेत्र से उन्हें उपचुनाव में भाजपा का टिकट मिल सकता है. बताया जा रहा है कि उपचुनाव में जीतने पर उन्हें मंत्रिमंडल में भी शामिल किया जा सकता है.

## एनटीपीसी विंध्याचल में हर्षोल्लाष के साथ मना अभियंता दिवस




नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 16 सितम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल में इंजीनियर्स-डे बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें भारत रत्न एम विश्वेश्वरैया की स्मृति को नमन करते हुए राष्ट्र निर्माण में इंजीनियरों के अमूल्य योगदान का उत्सव मनाया गया।**

इस अवसर पर सुनील कुमार पूर्व कार्यकारी निदेशक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा सहित वरिष्ठ अधिकारीगण एजे राजकुमार, एम सुरेश, एसके सिन्हा, राकेश अरोड़ा सहित अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर अशोक कुमार यादव उप महाप्रबंधक ने एम विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा मुख्य अतिथि सुनील कुमार के उज्वल करियर पर प्रकाश डाला। वहीं राम सेवक जायसवाल उप महाप्रबंधक ने स्टेशन की नवाचार उपलब्धियों पर जानकारी साझा की। अपने संबोधन में एजे राजकुमार महाप्रबंधक ने इंजीनियरों से जनकल्याण के लिए नवाचार को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा ने इंजीनियर्स डे की शुभकामनाएँ देते हुए समाज एवं जीवन के निर्माण में इंजीनियरों की भूमिका की सराहना की।

## कल लगेगा नि: शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**भोपाल.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा राजभवन में 17 सितम्बर को रक्तदान और निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में राजभवन में आवश्यक तैयारियां पूर्ण हो गई है। रक्तदान और नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच की व्यवस्था राजभवन के सांदीपनि सभागार में की गई है। शिविर प्रात: 11 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक रहेगा। आमजनों के लिए राजभवन के गेट नम्बर 02 से प्रवेश की सुविधा रहेगी. राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि शिविर का आयोजन राजभवन और रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है.

# कभी ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो : मुख्यमंत्री

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज पत्रकारों को बताया कि इंदौर में सोमवार की शाम हुई सड़क दुर्घटना बेहद दुखद है. राज्य शासन ने घटना को पूरी गंभीरता के साथ लिया है. दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की गई है. घटना की पुनरावृति भविष्य में नहीं हो, इसके पूरे इंतजाम किए जा रहे हैं.**

घटना की जांच अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह द्वारा कराई जा रही है. जांच के आधार पर आगे और भी कार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज इंदौर के विभिन्न अस्पतालों में पहुँचकर घायलों से मिलने के पश्चात कलेक्टर कार्यालय में जिला प्रशासन, पुलिस और संबंधित विभागों के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक ली. बैठक में उन्होंने कहा कि यह घटना विचलित करने वाली बेहद दुःखद है. मैं इस घटना से स्वयं व्यथित हूं. मुझे रातभर बैचेनी रही, मैं ठीक से सो भी नहीं पाया. आज के सारे कार्यक्रम रद्द कर सीधे इंदौर पहुँचा और घायलों से मिलने विभिन्न अस्पतालों में गया. उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. घायलों का बेहतर से बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए.



> घायलों के इलाज में कोई कमी नहीं रखी जाएगी. उन्होंने कहा कि सरकार घटना की पुनरावृति नहीं हो, इसके लिए विशेष इंतजाम करेगी. अतिरिक्त मुख्य सचिव को इस संबंध में परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है. इस संबंध में आवश्यक प्रबंधन जैसे ड्रोन, अनियंत्रित वाहनों को रोकने की व्यवस्था, यातायात नियंत्रण आदि के बारे में भी रिपोर्ट देने को कहा गया है. एलिवेटेड ब्रिज सहित अन्य निर्माण की संभावनाएं भी पता करने के निर्देश दिए गए.



## महाकाल की शरण में पीटी उषा

**उज्जैन.** भारतीय ओलम्पियन खिलाड़ी एवं पद्मश्री सम्मानित पीटी उषा ने उज्जैन स्थित भगवान महाकालेश्वर के दर्शन कर विधि विधान के साथ पूजा की. इस अवसर पर पुजारी आशीष गुरु द्वारा भगवान श्री महाकालेश्वर का पूजन-अर्चन विधिवत सम्पन्न कराया गया. मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया.

## स्वच्छता पखवाड़े में एनटीपीसी विंध्याचल की सक्रिय पहल

▸ जन-जन को मिला स्वच्छता का संदेश

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 16 सितम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक टाउनशिप एवं आसपास के ग्राम क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों, विद्यालयों और युवाओं में स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।**

अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को छाछर बासौद ग्राम पंचायत भवन में स मानित विधायक सिंगरौली की उपस्थिति में होगी। इस अवसर पर मेडिकल कैंप, मच्छरदानी एवं स्कूल बैग वितरण तथा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। 19 सितंबर को कॉलेज व सरकारी विद्यालयों में स्वच्छता पर जागरूकता वार्ता का आयोजन किया जाएगा।

जबकि 20 सितंबर को ग्रामीणों के लिए मोबाइल मेडिकल वैन द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। 21 सितंबर को इंदिरा चौक स्थित सीटीयू में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया जाएगा। 23 सितंबर को स्कूलों में स्वच्छता पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा। वहीं 25 सितंबर को ननि के सहयोग से बैढ़न में विशेष स्वच्छता अभियान एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। 26 सितंबर को तेलगवां एवं जुवाड़ी गांव में अपशिष्ट पृथक्करण पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जाएगा। 27 सितंबर को मोबाइल मेडिकल वैन द्वारा व्यावसायिक स्वास्थ्य पर जागरूकता वार्ता दी जाएगी। वहीं 30 सितंबर को चून कुमारी स्टेडियम में प्रभात फेरी एवं खेल गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। एक अक्टूबर को समीपवर्ती गांव में तालाब सफाई अभियान चलाया जाएगा। 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर सीटीयू इंदिरा चौक में खेल सामग्री का लोकार्पण, वृक्षारोपण एवं विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## आरएलआई विंध्याचल में कोर वैल्यू कस्टमर फोकस एंड एजिलिटी पर प्रेरक सत्र आयोजित



नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 16 सितम्बर। आरएलआई विंध्याचल में 15 सितम्बर को कोर वैल्यू कस्टमर फोकस एंड एजिलिटी विषय पर एक प्रेरक सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र सुनील कुमार पूर्व कार्यकारी निदेशक व पूर्व परियोजना प्रमुख विंध्याचल द्वारा लिया गया।**

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख विंध्याचल संजीब कुमार साहा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एजे राजकुमार महाप्रबंधक, एम सुरेश महाप्रबंधक, एसके सिन्हा, देबब्रत त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे। साथ ही विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं प्रतिनिधि भी सत्र में शामिल हुए। सुनील कुमार पूर्व कार्यकारी निदेशक व पूर्व परियोजना प्रमुख विंध्याचल ने अपने संबोधन में विंध्याचल में बिताए गए अपने अनुभवों को साझा करते हुए ऐश पाइप लीकेज, मल्टी-यूनिट ट्रिपिंग्स एवं ऐश डाइक ब्रेच जैसी चुनौतियों का समाधान करने की प्रेरक कहानियाँ सुनाईं। उन्होंने दीर्घकालिक ग्राहक संबंधों को पोषित करने और कर्मचारियों को प्रतिस्पर्धियों के प्रति सजग एवं चुस्त बने रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी की कोर वैल्यूज को आत्मसात करना व्यक्तिगत व संगठनात्मक विकास के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी योगदान देता है।

## राख परिवहन से हो रहे प्रदूषण पर रोक के लिए स्थल निरीक्षण के लिए पहुंची जांच टीम

नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 16 सितम्बर। स्थानीय एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना द्वारा उत्सर्जित राख का निस्तारण एनसीएल की बंद पड़ी कोयला खदान गोरबी में किया जा रहा है।**

सैकड़ो बल्कर टेलर ट्रक के माध्यम से सिंगरौली जिले होते हुए सोनभद्र के शक्तिनगर मुख्य मार्ग द्वारा किया जा रहा है, जबकि सिंगरौली जिला के विंध्यनगर क्षेत्र होते हुए महाजन मोड़, जयंत वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध है। सैकड़ो के ट्रैकों के परिवहन से शक्तिनगर विंध्यनगर मुख्य मार्ग समेत पीडब्ल्यूडी चौराहा तक प्रदूषण से लोकतंग आ चुके हैं। वहीं मुख्य मार्ग पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। जिसकी शिकायत जिला पंचायत सदस्य पंपति गुप्ता द्वारा किया गया था। इस संबंध में एक जनहित याचिका उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग न्याय पीठ में सुनवाई लंबित चल रही है। आज दिन मंगलवार को राजस्व विभाग प्रदूषण विभाग स्थलीय निरीक्षण के लिए कोटा बस्ती तिराहा पर पहुंचे एवं शिकायत की जांच की गई। जांच टीम में सुरेश पाण्डेय राजस्व निरीक्षक, राकेश कुमार लेखपाल, सुधाकर यादव कार्यालय सहायक नगर पंचायत अनपरा एवं उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनिल कुमार सहायक वैज्ञानिक मौजूद रहे। याचिकाकर्ता हेमंत मिश्रा द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया गया।



## 12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रतिभाशाली छात्र अभिषेक सोनी को मिली स्कूटी की सौगात

▸ छात्र ने सीएम का जताया आभार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 सितम्बर। म.प्र. मध्यमिक शिक्षा मण्डल के 12वीं की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में टॉप करने वाले प्रदेश के 7832 प्रतिभावान विद्यार्थियो को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में अयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल के माध्यम से स्कूटी की चाभी सौपी।**

सिंगरौली जिले में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक बैढ़न के छात्र बीरेंद्र यादव और अभिषेक कुमार सोनी पिता जमुना प्रसाद सोनी के खाते में आज दिन मंगलवार को स्कूटी खरीदने के लिए 90 हजार रूपये प्राप्त हुये।

स्कूटी प्राप्त होने पर छात्र अभिषेक सोनी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव, डीईओ एसबी सिंह, प्राचार्य आरके उपाध्याय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक बैढ़न का आभार जताया है। वही अभिषेक सोनी ने बताया कि शिक्षको के उचित मार्गदर्शन के कारण ही उन्हें उत्कृष्ट अंक प्राप्त हुये, जिसके बाद आज उन्हे स्कूटी की राशि प्राप्त हो सकी है।



## कलेक्टर के जनसुनवाई में 110 लोगों की सुनी गई समस्या




नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 सितम्बर। कलेक्टर जन सुनवाई में पहुंचे 110 लोगों की संयुक्त कलेक्टर ने समस्या सुनी है।**

जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे आवेदकों ने अपना आवेदन देते हुए संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय को समस्याओं से अवगत कराया। संयुक्त कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रों पर गंभीरता से विचार करते हुए जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रों का निराकरण कराया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नहीं हुआ है। उन्हें संबंधित विभाग के अधिकारियों को देकर समय पर निराकरण करने का निर्देश दिया है।

## अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी में आज आयोजित होगा पीएम आवास दिवस

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 सितम्बर।** नगर पालिक निगम सिंगरौली की आयुक्त सविता प्रधान के द्वारा अवगत कराया गया कि पीएम आवास दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में निवासरत नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का शत-प्रतिशत लाभ देने के उद्देश्य से अंगीकार घर-घर पहुंच अभियान का संचालन व पीएम आवास दिवस-शहरी सहित पीएम आवास मेला शहरी का आयोजन अटल बिहारी सामुदायिक भवन बिलौंजी में कल दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। उन्होंने नगरीय क्षेत्र में निवारत नगारिको से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुचकर आवास मेले में शामिल होकर आवास अपना आवेदन प्रस्तुत करे। आवेदन का प्रीक्षण करने के उपरांत पात्र हितग्राहियों को आवास योजना में शामिल करने की कर्यावाही की जायेगा। उन्होंने बताया कि आवास योजना का लाभ हितग्राही कार्यक्रम स्थल पर ही आवेदन प्राप्त कर सकते हैं।


प्रारूप जी-9/छ-9

नियम 49-ड.(3)के अंतर्गत)

**कार्यालय-रिटर्निंग अधिकारी विपणन सहकारी समिति मर्या.नागौद, जिला सतना (म.प्र.)**

पंजीय क्रमांक 05 दिनांक 19.02.1960

क्र./निर्वा./2025/09 **सूचना** दिनांक 15/09/2025

**महानुभाव,** आपको सूचित किया जाता है कि सोसायकी की व्यक्तिगत सदस्यों की बैठक में मतदान एवं मतगणना दिनांक 29/09/2025 को दिन के 12 बजे स्थान समिति कार्यालय-विपणन सहकारी समिति मर्या.नागौद, जिला सतना पर आयोजित की गई है, जिसकी अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जायेगी, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है.

**विषय सूची-** 1. सोसाइटी की उपविधि क्र.29(1) के अनुसार प्रत्यायुक्तों के सदस्यों का निर्वाचन करना.

**नोट:-**रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम संलग्न है.

**अध्यक्ष / प्रबंधक**
**विपणन सहकारी समिति मर्या.नागौद**



**आम सूचना**


सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हरिहर प्रसाद तिवारी पिता माधव प्रसाद तिवारी उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम व पो. सोनौरी तहसील त्योथर जिला रीवा (म.प्र.) का हूँ:- यह कि मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि उपरोक्त पते का निवासी हूँ। मेरे पुत्री किष्टि तिवारी डी.ए.व्ही पब्लिक स्कूल दुद्धिचुआं कक्षा 10वीं में अध्ययनरत है। जिसका नाम विद्यालय के अभिलेखों किष्टि तिवारी (KRISTI TIWARI) के पिता का नाम हरिहर तिवारी (HARIHAR TIWARI) माता का नाम कमला तिवारी (KAMLA TIWARI) लेख है। जो माता व पिता का नाम त्रुटि पूर्ण है। जबकि अन्य दस्तावेजो में मेरे पुत्री के माता का नाम कमला देवी (KAMLA DEVI) व पिता का नाम हरिहर प्रसाद तिवारी (HARIHAR PRASAD TIWARI) लेख है जो सही है। मेरे पुत्री के विद्यालय के अभिलेखों में पुत्री के माता व पिता का सही नाम सुधार कर लेख कर दिया जाये। मेरी पुत्री का एडमिशन नं. 86/16 है। यह शपथ पत्र अपने पुत्री के उक्त विद्यालय के अभिलेखों में माता व पिता का सही नाम सुधार करने हेतु निष्पादित करा रहा हूँ।

**शपथकर्ता, हरिहर प्रसाद तिवारी**


**नई पॉलिसी क्यों लाई** ▸ हाईकोर्ट में सरकार ने स्पष्टीकरण देने मांगी मोहलत, अगली सुनवाई 25 को

# जब सर्वोच्च रोक है तो फिर कैसे दी जा रही पदोन्नति

**जबलपुर, 16 सितम्बर. मप्र हाईकोर्ट में प्रमोशन में आरक्षण मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई. हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा कि जब पुरानी पॉलिसी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है और मामला विचाराधीन है तो नई पॉलिसी क्यों लाई गई. चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने पूछा है कि यदि शीर्ष अदालत ने यथास्थिति बनाए रखने कहा है तो यहां नए नियम के तहत क्यों दिए जा रहे प्रमोशन.**



सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन याचिकाएं यदि स्वीकार की जाती है तो नए के तहत किए जाने वाले पदोन्नति पर क्या प्रभाव पड़ेगा, यदि याचिकाएं निरस्त होती हैं तो नए नियम के तहत किए जाने वाली पदोन्नति पर क्या प्रभाव पड़ेगा.

दरअसल भोपाल निवासी डॉ. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है. दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाई कोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है. इसके विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं. सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद मप्र शासन ने महज नाममात्र का शाब्दिक परिवर्तन कर जस के तस नियम बना दिए.

> वहीं मामले में अजॉक्स संघ सहित आरक्षित वर्ग की ओर से अनेक अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस मामले में हस्तक्षेप याचिकाएं दाखिल की हैं. इनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ, रामेश्वर सिंह ठाकुर, आकाश चौधरी, विनायक प्रसाद शाह, वरुण ठाकुर ने सरकारी विभागों मे प्रतिनिधित्व के क्वांटिफाइबल डेटा प्रस्तुत किए. याचिकाओं में आरक्षण के विरोध वाले याचिकाकर्ताओं के प्रभावित होने वाले विधिक अधिकार पर प्रश्न उठाया. सभी मामलों पर अब एकसाथ सुनवाई होगी. मप्र शासन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन एवं महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से परिपत्र जारी कर वर्तमान स्थिति पर स्पष्टीकरण जारी करेंगे. जिस पर न्यायालयन ने कहा अब स्पष्टीकरण आने के बाद सुनवाई करेंगे. अगली सुनवाई 25 सितंबर को निर्धारित की गई है.